


UrjaMuNi Foundation
भाव्यं दीनेषु वत्सलैः
Reg No: E/3619/Anand

01 February 2025

# ऊर्जामुनि फाउंडेशन, बेड़वा द्वारा विधवाओं और ज़रुरतमंदों को खाद्य सामग्री की किट वितरित की गई।

ऊर्जामुनि फाउंडेशन, बेडवा द्वारा 120 विधवा और निराश्रित व्यक्तियों को अनाज किट वितरित की गई। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य ज़रुरतमंदों को जीवन की आवश्यक सामग्री प्रदान कर उनका जीवन थोड़ा आसान बनाना था।

वितरण के दौरान लाभार्थियों को दैनिक ज़रुरतों के लिए खाद्य सामग्री की किट प्रदान की गई। यह सहायता केवल खाद्य सामग्री देने का प्रयास नहीं था, बल्कि यह एक संदेश था कि समाज में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। ज़रुरतमंदों के लिए यह वितरण आशा की एक नई किरण बनकर सामने आया।

इस सेवाभावी कार्य के पीछे ऊर्जामुनि फाउंडेशन के सभी समर्पित स्वयंसेवकों और उदार दाताओं का अमूल्य योगदान है। ऐसी सेवा गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। भविष्य में भी ऐसे और सेवा प्रकल्पों को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखे पेट सोने को मजबूर न हो - इसी उद्देश्य के साथ ऊर्जामुनि फाउंडेशन पूरी निष्ठा से समर्पित है।